Dainik Bhaskar

रिटायरमेंट के बाद जॉब के लिए सैनिकों और पूर्व सैनिकों का किया रजिस्ट्रेशन

सेवारतऔर सेवानिवृत्त सैनिकों को नौकरी के नए अवसरों से अवगत करवाने के उद्देश्य से काला तीर ब्रिगेड ने मामून आर्मी कैंट में सेना नियोजन मेला करवाया। इसमें 125 सेवानिवृत्त एवं 200 से अधिक सैन्य कर्मियों ने भाग लिया।

मेले में सेवानिवृत सैनिकों का पंजाब और आसपास के राज्यों से आई निजी कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया के लिए पंजीकरण किया और सेवारत सैनिकों को सेवामुक्ति के बाद रोजगार के अवसरों से जागरूक किया। ब्रिगेड कमांडर ने कहा कि निजी क्षेत्र के उद्‌योगिक ईकाइयों को सेवारत एंव सेवानिवृत्त सैनिकों द्‌वारा निभाई गई विभिन्न भूमिकाओं को समझना चाहिए जो उन्होंने सैन्य सेवा में रहते हुए निभाई हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले का उद्देश्य सैनिकों को विभिन्न करियर विकल्पों की उपलब्धता करवाना है। इससे सैन्य कर्मियों के दृष्टिकोण और कौशल में बदलाव लाकर सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें दूसरे व्यवसाय एवं रोजगार के अनुरूप तैयार कर निजी क्षेत्र में रोजगार मिलने में फायदा होगा।

कंपनियों की भर्ती प्रक्रिया में पंजीकरण करवाते सेवारत और सेवामुक्त सैन्यकर्मी।